25.12.2024 आकाशवाणी भोपाल 7.10pm

प्रादेशिक समाचार

मुख्य समाचार :–

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खजुराहो में केन–बेतवा राष्ट्रीय नदी को जोड़ने वाली देश की पहली बहुउद्देश्यीय परियोजना की आधारशिला रखी।
- आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है।
- क्रिसमस का त्योहार आज दुनिया भर में मनाया जा रहा है, इस अवसर पर गिरजाघरों की भव्य सजावटें की गई हैं।
- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में आज कोहरा का असर रहा, न्यूनतम तापमान नरसिंहपुर में दर्ज किया गया।

प्रधानमंत्री–केन बेतवा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज खजुराहो में केन–बेतवा राष्ट्रीय नदी को जोड़ने वाली देश की पहली महत्वाकांक्षी और बहुउद्देश्यीय परियोजना की आधारशिला रखी। यह कार्यक्रम पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न दिवंगत अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती को दर्शाता है। उनकी जयंती को प्रत्येक वर्ष सुशासन दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस अवसर पर प्रधानमंत्री श्री मोदी ने कहा कि मध्यप्रदेश आने वाले दशकों में देश की टॉप इकोनॉमी में से एक होगा, इसमें बुंदेलखंड की बहुत बडी भूमिका होगी।
प्रधानमंत्री ने देश की पहली ओकांरेश्वर तैरने वाली सौर परियोजना का उद्‌घाटन किया। उन्होंने एक हजार 353 अटल ग्राम सुशासन भवनों का भूमि पूजन किया और पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के स्मरण में एक डाक टिकट और सिक्का भी जारी किया।
इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा–प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कहना है कि जनता को उनका हक मिलना ही चाहिए, इसे आत्मसात करते हुए हमने ग्राम पंचायत और वार्ड तक जन कल्याण अभियान की शुरूआत की है।
केन–बेतवा लिंक परियोजना शिलान्यास अवसर पर राज्यपाल मंगुभाई पटेल, केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी.आर.पाटिल, उप मुख्यमंत्री जगदीश देवडा और राजेद्र शुक्ल उपस्थित थे।
केन–बेतवा राष्ट्रीय नदी को जोड़ने वाली परियोजना की लागत 44 हजार 605 करोड़ रूपये है। इस परियोजना की लागत का 90 प्रतिशत व्यय केंद्र सरकार और 10 प्रतिशत व्यय संबंधित राज्य सरकारें वहन करेंगी। यह परियोजना आठ लाख हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में सिंचाई की सुविधा प्रदान करेगी। इस परियोजना से मध्य प्रदेश के 10 जिलों के दो हजार गांवों के सात लाख से अधिक किसान परिवार लाभान्वित होंगे।

सुशासन दिवस

आज पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जयंती के उपलक्ष्य में सुशासन दिवस मनाया जा रहा है। इस अवसर पर रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह ने नई दिल्ली में राष्ट्रपर्व वेबसाइट और ऐप की शुरूआत की। श्री सिंह ने कहा कि वेबसाइट पर गणतंत्र दिवस, स्वतंत्रता दिवस समारोह, बीटिंग रिट्रीट और झांकी जैसे राष्ट्रीय आयोजनों से जुड़ी जानकारी लोगों को मिलेगी। उन्होंने यह भी कहा कि किसी खास आयोजन के लिए टिकट, पार्किंग, बैठने की व्यवस्था से जुड़ी जानकारी भी लोगों को दी जाएगी।

सुशासन दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश में भी कई कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे है। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कल राजभवन के अधिकारी–कर्मचारियों को सुशासन की शपथ दिलाई। उन्होंने सुशासन शपथ का निष्ठा के साथ पालन करने के निर्देश भी दिए। धार जिले में इस अवसर पर प्रत्येक मंडल में प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना पर आधारित सुशासन यात्रा निकाली गई अनूपपुर और खंडवा सहित अन्य जिलों में भी सुशासन दिवस पर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए।

अमित शाह वाजपेयी

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि सुशासन और जन कल्याण के प्रति पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी का समर्पण भावी पीढ़ियों का मार्गदर्शन करता रहेगा। श्री शाह ने अटल बिहारी वाजपेयी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए कहा कि वाजपेयी ने विचारधारा और मूल्य–आधारित राजनीति के प्रति अपने समर्पण से देश में विकास और सुशासन के एक नए युग की शुरुआत की।

क्रिसमस

क्रिसमस का त्योहार आज दुनिया भर में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गिरजाघरों की भव्य सजावट की जाती है। ईसा मसीह के जन्म–स्थल बेथलेहम में कल क्रिसमस सादगी से मनाया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने क्रिसमस के अवसर पर लोगों को शुभकामनाएं दीं। राष्ट्रपति ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि क्रिसमस ईसा मसीह के प्रेम, दया और करुणा की शाश्वत शिक्षाओं की याद दिलाता है। राष्ट्रपति मुर्मु ने लोगों को खुशियाँ फैलाने, समानता को बढ़ावा देने और समाज में एकता की भावना को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर प्रदेश में भी गिरजाघरों की विशेष सजावट की गई है। यह दिवस उत्साह के साथ मनाया जा रहा है।

प्रधानमंत्री स्वामित्व

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शुक्रवार को स्वामित्व योजना के अंतर्गत 50 लाख से ज़्यादा संपत्ति कार्ड वितरित करेंगे। वे योजना के लाभार्थियों से बातचीत भी करेंगे। इस योजना के अंतर्गत गांव में रहने वाले हर संपत्ति मालिक को अधिकारों का रिकॉर्ड सौंपा जाएगा। पंचायती राज मंत्रालय ने कहा कि स्वामित्व योजना ज़मीन मालिकों को अपनी संपत्ति का मुद्रीकरण करके ऋण प्राप्त करने में मदद करेगी और इससे संपत्ति से जुड़े विवादों में कमी आएगी। पंचायती राज सचिव विवेक भारद्वाज ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत ड्रोन निरीक्षण के ज़रिए करीब तीन लाख 17 हज़ार गांवों का निरीक्षण किया गया है।

राष्ट्रपति-राष्ट्रीय बाल पुरस्कार

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु, कल नई दिल्ली में 17 बच्चों को 'प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार' प्रदान करेंगी। सात श्रेणियों में असाधारण उपलब्धियों के लिए चयनित ये बच्चे 14 राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों से हैं। सरकार, कला और संस्कृति, बहादुरी, नवाचार, विज्ञान और प्रौद्योगिकी, सामाजिक सेवा, खेल और पर्यावरण में उपलब्धियों के लिए बच्चों को बाल पुरस्कार प्रदान करती है। प्रत्येक पुरस्कार विजेता को एक पदक, प्रमाण पत्र और प्रशस्ति पत्र पुस्तिका दी जाएगी।

## मौसम

राजधानी भोपाल सहित प्रदेश के विभिन्न जिलों में आज बादल छाए रहे। दोपहर बाद ठंड बढने लगी और लोगों ने शाम तक अलाव प्रारंभ कर दिए। पिछले 24 घंटों के दौरान ग्वालियर, चंबल, रीवा, सागर संभागों के जिलों में कहीं कहीं वर्षा दर्ज की गई। न्यूनतम तापमानों में सभी संभागों के जिलों मे विशेष परिवर्तन नहीं हुआ। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर, जबलपुर, सागर संभागों के जिलों में सामान्य से काफी अधिक रहे। भिंड, मुरैना, ग्वालियर सहित 16 जिलों में हल्का से मध्यम  कोहरा छाया रहा। प्रदेश में अधिकतम तापमान 29.3 डिग्री सेल्सियस नर्मदापुरम में दर्ज किया गया तथा सबसे कम न्यूनतम तापमान 11.4 डिग्री सेल्सियस नरसिंहपुर में दर्ज किया गया। मौसम विभाग ने अगले 24 घंटे में मंदसौर, नीमच, गुना, अशोकनगर, शिवपुरी, ग्वालियर, दतिया, श्योपुरकलां, टीकमगढ़ और निवाड़ी जिलों में कहीं–कहीं बारिश होने की संभावना जताई है।

## एनडीए नेता बैठक

राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन-एनडीए के नेताओं की आज एक बैठक केंद्रीय मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा के नई दिल्ली स्थित आवास पर हुई। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री चंद्र बाबू नायडू, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, नागर विमानन मंत्री राम मोहन नायडू किंचरापू, भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी, पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह और केंद्रीय स्वास्थ्य राज्य मंत्री अनुप्रिया पटेल सहित कई नेता बैठक में शामिल हुए। इस बैठक का उद्देश्य गठबंधन के सहयोगियों के बीच समन्वय सुदृढ करना था।

## समाचार संक्षेप में .....

- उच्च शिक्षा विभाग ने बरकतउल्ला विश्वविद्यालय सहित सभी विश्वविद्यालयों को एकेडमिक कैलेंडर के तहत परीक्षाएं कराकर रिजल्ट घोषित करने का आदेश दिया है।
- गुना जिले के जनपद पंचायत आरोन के ग्राम पंचायत  मूड़राखुर्द में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया।
- शहडोल के शासकीय इंदिरा गांधी कन्या महाविद्यालय में भारतीय ज्ञान परम्परा से संबंधित अकादमिक एवं सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया है।
- पचमढ़ी महोत्सव 2024–25 का शुभारंभ कल पचमढी में होगा। यह उत्सव 1 जनवरी तक जारी रहेगा।
- शिवपुरी जिले में खेल और युवा कल्याण विभाग द्वारा जिला स्तरीय युवा उत्सव का आयोजन दिनांक 27 दिसम्बर को माधवराव सिंधिया जिला खेल परिसर में किया जाएगा।